भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-976**

उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

**केन्द्रीय विद्यालयों में छात्रों का नामांकन**

**† 976.श्री बजवराज बोम्मई:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्ष 2004 से अब तक कुल कितने केन्द्रीय विद्यालयों (के.वी.) में विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है और उनका राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर कर्नाटक के हावेरी के संबंध में ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की कर्नाटक में, विशेषकर गडग जिले में नए के.वी. स्थापित करने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इन के.वी. की स्थापना कब तक होने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जाता है जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधनों को उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल रहती है। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्रायोजक प्राधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों की विभिन्न स्तरों पर जांच/प्रक्रिया की जाती है तथा वे मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के

अध्यधीन होते हैं। केन्द्रीय विद्यालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला के मानदंडों के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्नाटक के गडग जिले में नया केवि खोलने के लिए संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से केविसं को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

शैक्षणिक वर्ष 2004-05 (930 केवि) और वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2024-25 (1253 केवि) में देश भर में नामांकित छात्र का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न है। कर्नाटक के हावेरी जिले सहित देश भर में इन 1253 केवि का जिलावार ब्यौरा केविसं की आधिकारिक वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/en/directory-of-kvs/ पर उपलब्ध है।

******

अनुलग्नक

"केन्द्रीय विद्यालयों में छात्रों का नामांकन" के संबंध में श्री बसवराज बोम्मई माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे गए दिनांक 02.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 976 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

देश भर में कुल केन्द्रीय विद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या का ब्यौरा जिनमें शैक्षणिक वर्ष 2004-05 और 2024-25 में विद्यार्थी नामांकित हुए शामिल है।

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | शैक्षणिक वर्ष 2004-05 में केवि की संख्या जिनमें छात्रों को नामांकित किया गया | शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 में केवि की संख्या जिनमें छात्र नामांकित किए गए |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 04 | 02 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 41 | 36 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 13 | 20 |
| 4 | असम | 49 | 57 |
| 5 | बिहार | 41 | 50 |
| 6 | चंडीगढ़ | 05 | 05 |
| 7 | छत्तीसगढ | 22 | 36 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 02 | 02 |
| 9 | दिल्ली | 40 | 46 |
| 10 | गोवा | 5 | 05 |
| 11 | गुजरात | 42 | 46 |
| 12 | हरियाणा | 28 | 35 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 20 | 26 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 36 | 35 |
| 15 | झारखंड | 25 | 41 |
| 16 | कर्नाटक | **32** | **52** |
| 17 | केरल | 27 | 38 |
| 18 | लक्षद्वीप | 01 | 01 |
| 19 | लद्दाख | - | 03 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 74 | 112 |
| 21 | महाराष्ट्र | 51 | 59 |
| 22 | मणिपुर | 05 | 09 |
| 23 | मेघालय | 07 | 07 |
| 24 | मिजोरम | 02 | 04 |
| 25 | नागालैंड | 06 | 05 |
| 26 | ओडिशा | 29 | 67 |
| 27 | पुदुचेरी | 02 | 04 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | पंजाब | 39 | 52 |
| 29 | राजस्थान | 55 | 77 |
| 30 | सिक्किम | 02 | 02 |
| 31 | तमिलनाडु | 31 | 45 |
| 32 | तेलंगाना | - | 35 |
| 33 | त्रिपुरा | 05 | 10 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 97 | 122 |
| 35 | उत्तराखंड | 43 | 45 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 49 | 62 |
| | **कुल** | **930** | **1253** |

*****